

अप्रैल 2024

# टेक की बात

**अंक - 3**
**संस्करण - 04**

एसआईआईसी(SIIC): जहां विचार उड़ान भरते हैं

April 2024

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

**स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

गुरु

# मंत्र



**श्री तरूण भार्गव**

रणनीति, योजना, वित्तपोषण, शासन, जोखिम, नकदी प्रवाह प्रबंधन

## किसी व्यवसाय को शुरू करने के वित्तीय पहलू

उद्यमी की यात्रा में, सबसे पहले उसे स्थिरता और सही मायनों में अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरुरत होती है। फिर, पूंजी की प्राप्ति के बाद, उनका ध्यान अपने उत्पाद को बाजार में सफलतापूर्वक लाने की दिशा में होता है। यानि कि, वह उन आवश्यक चीजों को विकसित करता है जो उसके उत्पाद को बाजार में सफल बनाने में मदद करें, जैसे कि एक अच्छा राजस्व मॉडल, ब्रांड पहचान और बेहतर बिक्री प्रणाली को शुरू करने की क्षमता। सफलता का सूत्र है कि हम हर चरण में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करते है, और इसे हल करने के लिए कौन सी प्राथमिकताएं निर्धारित की जाती है। मेंटरशिप इन सभी प्रक्रियाओं के बीच नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है। शुरुआत में, उत्पाद विकास पर ज्यादा ध्यान देना जरुरी होता है। यहाँ, अपने व्यापार की मुख्य समस्या को ग्राहकों के अनुभव के माध्यम से समझना बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस समस्या को समझना ही किसी उधम की मूल नींव होती है।

## प्रमुख बिंदु:

- ☑ अपने लक्षित उपभोगताओं से निरंतर प्रतिक्रिया (फीडबैक) एकत्र करें और इसे अपने उत्पाद को परिष्कृत करने के लिए उपयोग करें, तथा सुनिश्चित करें कि यह उनकी आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से हल करता है।
- ☑ ग्राहक प्रतिक्रिया को सक्रिय रूप से सुने ताकि उत्पाद विकास और नए उपयोग मामलों के लिए विचारों की एक नियमित धारा प्राप्त की जा सके।
- ☑ आपके लक्षित उपभोगताओं के लिए विपणन(मार्केटिंग) जागरूकता पैदा करती है और आपके उत्पाद को उनकी समस्याओं के समाधान के रूप में स्थापित करती है, जिससे अंततः बिक्री होती है।
- ☑ संभावित ग्राहकों से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया, दोस्तों, परिवार और पूर्व सहकर्मियों जैसे विभिन्न माध्यमों का उपयोग करें।

प्रतिस्पर्धी तुलनात्मक स्तर पर एक मापदंड प्रदान करते हैं, लेकिन वास्तविक मूल्य निर्धारण शक्ति उसमें निहित है जो आपके उत्पाद के मूल्य को मापने में सहायक होता है- बचत और सुविधा। लागत मायने रखती है, लेकिन इससे कीमत तय नहीं होनी चाहिए। प्रारंभिक मॉडल को नकदी व्यय को कम करने और नियमित नकद प्रवाह के माध्यम से लाभप्रदता की दिशा में कार्य करना चाहिए। उत्पाद और बिक्री इस रणनीति का मौलिक स्तंभ हैं।

# विषय - सूची




## नवीन इन्क्यूबेशन

एसआईआईसी(SIIC), आईआईटी कानपुर में अप्रैल माह के दौरान नवीन और अभिनव प्रौद्योगिकियों के साथ नए स्टार्टअप शुरू किए गए हैं। स्टार्टअप्स के बारे में जानने के लिए आगे पढ़ें।

अधिक जानने के लिए इस अनुभाग को देखें।

पृष्ठ सं: 01-02






## मासिक समयरेखा

एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर पूरे महीने में संपन्न हुए शानदार गतिविधियों पर गहराई से नज़र डालें।

अधिक जानने के लिए इस अनुभाग को देखें।

पृष्ठ सं: 03





## कार्यक्रम की झलकियां

एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर में वर्तमान में चल रहे विभिन्न कार्यक्रम अनुभागों में कुछ उत्कृष्ट उपलब्धियों के बारे में जानें ।

अधिक जानने के लिए इस अनुभाग को देखें।

पृष्ठ सं: 04-05






## सफलता की कहानियां

इस भाग में उन प्रेरक स्टार्टअप्स के बारे में जानें जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से हमारे इनक्यूबेशन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया।

अधिक जानने के लिए इस अनुभाग को देखें।

पृष्ठ सं: 06-07






## नवप्रवर्तकों से बात

यह खंड हमारे पाठकों को वर्तमान में एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर में इनक्यूबेशन के तहत विशिष्ट, नवीन प्रौद्योगिकियों में से एक से परिचित कराता है। क्रांतिकारी प्रगति और परिवर्तनकारी पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में अधिक जानने के लिए इस खंड को पढ़ें।

अधिक जानने के लिए इस अनुभाग को देखें।

पृष्ठ सं: 08






## आगामी कार्यक्रम/कार्यशालाएं /अनुदान

एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर में मई के लिए निर्धारित आगामी अनुदानों, कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का अन्वेषण करें।

अधिक जानने के लिए इस अनुभाग को देखें।

पृष्ठ सं: 09

# नवीन इन्क्यूबेशन



## प्राप्त उपलब्धियां!

**40+**

आईआईटी कानपुर के सहयोग से सिटी(CITI) द्वारा सोशल इनोवेशन लैब के तहत 25 लाख रुपये और 12.5 लाख रुपये के सीएसआर समर्थन के साथ इस महीने नवीनतम स्टार्टअप्स शुरू किए गए।

- आरुष इको टेक प्राइवेट लिमिटेड
- अग्निटेक फोर्ज
- एग्रोसिल प्राइवेट लिमिटेड
- अम्टो इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
- एपेरो एनर्जी
- एक्वासिंथेसिस प्राइवेट लिमिटेड
- आर्क रोबोटिक्स (ड्रिबलेट प्राइवेट लिमिटेड)
- अक्सोम फार्म मशीनरी प्राइवेट लिमिटेड
- बस्तर से बाजार तक
- बबलनट वॉश
- कैलीचे
- कैशमीर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड
- सेलिगो नेचुरल फाइबर्स प्राइवेट लिमिटेड
- चिमेरटेक प्राइवेट लिमिटेड
- सस्टेनेबल वॉटर टेक्नोलॉजीज
- क्लुइक्स
- क्रॉप डोमेन प्राइवेट लिमिटेड
- एन्सेक्ट फार्म प्राइवेट लिमिटेड
- EReKY लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
- फ्रूवेटेक प्राइवेट लिमिटेड
- गुधग्राम्स
- हाइड हेम्प इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
- हाइथेन लैब्स
- इनोटेक एग्रोपोस्टिकम

# नवीन इन्क्यूबेशन



- जेट्सन्स रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड
- काफ़ा कुव्वा इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
- काश हित इनोवेशंस
- माराल एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड
- मेराकी इकोसोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
- ओपन स्पेक्ट्रम एआई प्राइवेट लिमिटेड
- प्लेनटेरा बनाना फाइबर्स प्राइवेट लिमिटेड
- प्रप्रासिनोस-स्वान कवियन्स
- प्रायोगिक
- रेक्सट्रेक्ट
- रॉयल बंगाल ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड
- सेवेंथ हॉर्स एग्री-टेक प्राइवेट लिमिटेड
- सुश्रुथा साइंटिफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
- टेराकार्ब प्राइवेट लिमिटेड
- थिंकरॉ इनोवेटिव सॉल्यूशंसप्राइवेट लिमिटेड
- यूनेको ग्रीन अर्थ प्राइवेट लिमिटेड
- विविफिका सस्टेनेबल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड

अंक - 03 | संस्करण - 04 | अप्रैल 2024


16 अप्रैल 24




एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर ने ब्लॉकचैन फॉर इम्पैक्ट (BFI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते को प्रोफेसर कांतेश बालानी (डीओआरए-DoRA, आईआईटी कानपुर) और डॉ. गौरव सिंह (सीईओ, बीएफआई) द्वारा औपचारिक रूप दिया गया, इस अवसर पर प्रतिष्ठित विभागीय सदस्य प्रो. अंकुश शर्मा (प्रोफेसर-इन-चार्ज), प्रो. अमिताभ बंद्योपाध्याय (सह-प्रोफेसर-इन-चार्ज) और डॉ. निखिल अग्रवाल (सीईओ, फर्स्ट और एआईआईडीई-सीओई, एसआईआईसी), भी उपस्थित थे। यह समझौता ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके जैव चिकित्सा (बायोमेडिकल) अनुसंधान को आगे बढ़ावा देने के लिए एक साझेदारी ढांचा प्रदान करता है। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत बायोमेडिकल नवाचारों का लाभ उठाने और नवीन स्वास्थ्य देखभाल को विकसित करना है।

और पढ़ें

23 अप्रैल 24



एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर, और एरिक्सन इंडिया ने मोबाइल वित्तीय (फाइनेंसियल) सेवाओं (MFS) और फिनटेक में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रोफेसर अंकुश शर्मा, प्रोफेसर-इन-चार्ज, एसआईआईसी(SIIC), आईआईटी कानपुर, श्री माइकल वालिस-ब्राउन, वैश्विक प्रमुख, एरिक्सन मोबाइल फाइनेंशियल सर्विसेज, और श्री नितिन बंसल, प्रबंध निदेशक, एरिक्सन इंडिया हस्ताक्षरकर्ता थे। इस दो साल की साझेदारी में एरिक्सन की वैश्विक विशेषज्ञता और आईआईटी कानपुर की अनुसंधान क्षमताओं का उपयोग होगा, ताकि ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली नवीनतम तकनीकों की पहचान और नए व्यापार मॉडल तैयार किए जा सके।

और पढ़ें

# कार्यक्रम
## की झलकियां



SIB-SHinE फेलोज ने 17 मार्च को डॉ. राजीव छिब्बर, उपाध्यक्ष, सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज से मुलाकात की। उन्होंने भारत में चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप्स के लिए चिकित्सा नवाचारों के विकसित क्षेत्र और महत्वपूर्ण विकास के अवसरों पर चर्चा की, साथ ही साथ उद्योग और शैक्षिक संस्थानों के बीच सहयोग की महत्वता पर जोर दिया जिससे नवाचार को बढ़ावा मिले और स्वास्थ्य तकनीकों की उन्नति हो।



प्रौद्योगिकी संस्थान, कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (CIIE) ने 27 मार्च 2024 को दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी विभाग के छात्रों के लिए एसआईआईसी(SIIC), आईआईटी कानपुर से ज़ैद खान ने "आइडिया टू स्टार्टअप" शीर्षक के तहत ज्ञानवर्धक वार्ता प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना था।



29 मार्च को, सी3आई(C3i) हब ने हयात रीजेंसी दिल्ली में एक स्टार्टअप कोहॉर्ट(दल) का शुभारम्भ किया, जिसमें साइबर सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों पर कार्य केंद्रित 19 स्टार्टअप्स को शामिल किया गया। इस आयोजन ने उन्हें सहायक माहौल प्रदान किया। यहाँ वे महत्वपूर्ण संसाधनों और नेटवर्क का उपयोग करके अपने योगदान को बढ़ाने के लिए सहायता प्राप्त कर सकते है।

और पढ़ें



# कार्यक्रम

## की झलकियां




श्री अंकित सक्सेना, एवीपी, निवेश, एसआईआईसी (SIIC) ने 15 अप्रैल को SIB-SHInE फेलोज और मेडटेक इनोवेटर्स के लिए ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया | उन्होंने मुख्य उत्पादों को विकसित करने में बाजार अनुसंधान और ग्राहक अंतर्दृष्टि के महत्व पर चर्चा की।

और पढ़ें



एसआईआईसी (SIIC), आईआईटी कानपुर ने 12 अप्रैल को डिस्क (DISC) XI और अदिति (ADITI ) 1.0 कार्यक्रमों पर एक सफल और भागीदारीपूर्ण आउटरीच सत्र को आयोजित किया । इसमें भारतीय नौसेना के रियर एडमिरल श्री विवेक दहिया,और श्री दयानंद, आईडीआईओ के प्रोग्राम निदेशक के साथ जोएल सचिन, उप प्रोग्राम निदेशक, डीआईओ जैसे वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, उनकी सहभागिता से नवोन्मेषी निर्णायक और रणनीतिक गहन प्रौद्योगिकियों (strategic deep technologies) के विकास को बढ़ावा मिला।

और पढ़ें




## डीप एल्गोरिदम सॉल्यूशंस

को 4 मार्च, 24 को सतत उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण और सत्यापन के लिए उनकी अभिनव प्रणाली, विधि और उपकरण के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण तकनीक को adapID में विकसित किया गया है, यह एक अद्वितीय उद्यम उत्पाद है जिसमें असाधारण बायोमेट्रिक सटीकता के साथ निरंतर उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण के लिए उन्नत एआई- संचालित हैप्टिक्स (HCI) का उपयोग किया गया है।

और पढ़ें

## वॉटर एंड स्पाइसेस

ने 12 मार्च 24 को अपनी अत्याधुनिक तकनीक, "ऑटोमैटिक पानीपुरी फ़्लेवर डिस्पेंसिंग मशीन" का पेटेंट सफलतापूर्वक प्राप्त किया।




## एरोसिस एविएशन

को उनके मानव रहित विमान प्रणाली 'वेदांश' के डिजाइन, विनिर्देश, निर्माण और प्रदर्शन के लिए 26 मार्च 24 को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा एक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रमाणपत्र को नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित यूएएस (UAS) प्रमाणीकरण योजना (मापदंड) के अनुसार यूएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अनुशंसित किया गया है।

और पढ़ें




## जेनोमिकी सॉल्यूशंस

ने 31 मार्च 2024 को उच्च सम्मानित प्रिसिजन मेड इंडिया अवार्ड्स में "इमर्जिंग प्रेसिजन मेडिसिन स्टार्टअप ऑफ द ईयर" का प्रतिष्ठित खिताब जीता है। वे उच्च अनुभवी बायोइन्फोर्मेटीशियन्स और वैज्ञानिकों द्वारा विकसित व्यापक स्वचालित जीनोम-सूचना समाधान प्रदान करते है।

और पढ़ें




## लाइफ एंड लिम्ब

एक स्टार्टअप कंपनी जो उन्नत प्रोटेस्थेटिक्स बनाती है, जिन्हें अप्रैल 2024 में पोर्टेस्कैप इंडिया से वित्त प्रदान किया गया ताकि इस समाधान की उपलब्धता वैश्विक स्तर पर सुनिश्चित हो सके। इस साझेदारी का उद्देश्य अंग-हरण वालों को उन्नत प्रोटेस्थेटिक हाथ प्रदान करके उनके जीवन की गुणवत्ता और स्वतंत्रता को मजबूत करना है।



## आईआईटी कानपुर के शिक्षक उद्यमी

कंवलजीत सिंह नलवा और प्रोफेसर राजू कुमार गुप्ता ने "सोडियम आयन बैटरी में सोडियम सुपरऑनिक कंडक्टर सिरेमिक के रूथेनियम डोपिंग" की एक प्रक्रिया का सह-आविष्कार किया है। यह प्रौद्योगिकी नवीकरणीय ऊर्जा में क्रांति ला सकता है क्योंकि यह जीवाश्म ईंधन की निर्भरता में कमी कर अधिक सुरक्षित और धारित संबलित बैटरियों का निर्माण करने में सक्षम है। इस प्रक्रिया का मुख्य लाभ यह है कि इसमें सॉलिड-स्टेट(ठोस अवस्था की) इलेक्ट्रोलाइट का उपयोग किया जाता है, जिससे ज्वलनशीलता का खतरा कम हो जाता है।




## SKY-AI टेक्नोलॉजीज

**कानपुर स्थित एसआईआईसी(SIIC) स्टार्टअप स्काई-एआई(SKY-AI) जिसे आईआईटी कानपुर के M.Tech स्नातक सर्वज्ञ शुक्ल ने 2019 में स्थापित किया है, जो मानव रहित हवाई वाहन (UAV) से बढ़ते खतरे से निपटने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से लैस ड्रोन-रोधी (anti-drone) समाधान विकसित कर रहा है। स्काई-एआई (SKY-AI) एआई एल्गोरिदम और सीएफडी (CFD) सिमुलेशन का उपयोग करते हुए, उच्च-संकल्पन इंफ्रारेड (हाई-रिज़ॉल्यूशन आईआर- IR) कैमरे और दृष्टि-आधारित पहचान प्रणालियों का निर्माण कर रहा है, जो पूर्व में उच्च मूल्य वाले आयातित समाधानों के स्थान पर एक घरेलू विकल्प प्रदान करेगा।**

### एसआईआईसी (SIIC): आप किन क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं और वर्तमान में आप किस क्षेत्र में काम कर रहे हैं?

सर्वज्ञ शुक्ल (एसएस): स्काई-एआई (SKY-AI) विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता साझा करने वाली एक प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता है जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर विज़न, मशीन लर्निंग(ML), आईओटी (IOT) समाधान, अनुकूलित सॉफ़्टवेयर और उधम SaaS उत्पाद शामिल है। वर्तमान में, हमारे प्रमुख कार्य क्षेत्रों में ड्रोनों की पहचान और चेतावनी, साथ ही ड्रोनों के लिए दृष्टि-आधारित, पूरी तरह से विन्यस्त (कॉन्फ़िगर) किया गया, सटीक(प्रेसिजन) लैंडिंग सॉफ़्टवेयर बनाना शामिल हैं।

### एसआईआईसी (SIIC): ग्राहकों को कैसे फायदा होता है?

एसएस: स्काई-एआई (SKY-AI) अपने ग्राहकों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक व्यावसायिक और प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करता है। हमारे उत्पाद और सेवाएँ ग्राहकों को उनकी समस्याओं से निपटने, उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने, प्रतिस्पर्धा में बने रहने और व्यवसाय के तेजी से बदलते माहौल के साथ कदम मिलाने में सहयोग प्रदान करते हैं। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के साथ मिलकर काम करना और उनके व्यावसायिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है।

### एसआईआईसी (SIIC): आपकी तकनीक द्वारा कौन सी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं?

एसएस: हम सभी प्रकार के उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने वाले अनुकूलित समाधान प्रदान करते हैं। हमारे समाधान विभिन्न व्यावसायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में हमारे ग्राहकों को अत्याधुनिक नवाचारी लाभ प्रदान करते हैं। हमारी विशेषज्ञता विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर अनुकूलन (कस्टम) एआई/एमएल मॉडलों को तैयार करने और हमारे अनुप्रयोगों (ऍप्लिकेशन्स) में पायथन(Python) का उपयोग करने में है।

### एसआईआईसी (SIIC): आपको एसआईआईसी से क्या मदद मिली?

एसएस: हमारी परियोजना के प्रारम्भिक चरण के दौरान, हमें रक्षा संगठन की परियोजनाओं से वित्तीय सहायता और अनुदान प्राप्त हुआ। हमें अपने उत्पाद की संकल्पना के दौरान एसआईआईसी(SIIC) और सी3आई (C3i) हब से आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए अनुदान मिला। रक्षा क्षेत्र के प्रोफेसर से हमें जो सहायता मिली वह अत्यंत सराहनीय थी। हम वर्तमान में अपने एआई(AI) उत्पाद के लिए पेटेंट दर्ज करने की प्रक्रिया में हैं, जो हमारी सबसे नवीन और स्वदेशी प्रणाली है। हम इसे अगले छह महीनों के भीतर पूरा करने की उम्मीद कर रहें हैं, और निस्संदेह इसका उपयोग हमारे देश की सुरक्षा के लिए किया जाएगा।

> "एक उद्यमी के रूप में, नई तकनीकों को अपनाना और लगातार नए अवसरों की खोज करना आवश्यक है।"......सर्वज्ञ शुक्ल

अंक - 03 | संस्करण - 04 | अप्रैल 2024

# आगामी

## अनुदान/कार्यक्रम/ कार्यशालाएं

**31 मई 2024**

बायोटेक्नोलॉजी इग्निशन ग्रांट (BIG) एप्लीकेशन (Biotechnology Ignition Grant (BIG) application)




**आवेदन के लिए क्लिक करें**

# संवर्धक

## कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

HDFC BANK
ICICI Securities
Godrej
infoedge
CUGL Central U.P. Gas Limited
MCX METAL & ENERGY Trade with Trust
citi
CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED
आर ई सी REC
ETS-LINDGREN An ESCO Technologies Company
standard chartered
FORUM
NTT DATA
Ansys
DANA
GREEN GAS LIMITED
NATIONAL INFORMATICS CENTRE SERVICES INCORPORATED NICSI
SKODA | VOLKSWAGEN
Boehringer Ingelheim
SAFEXPRESS Distribution Redefined
PREMJI INVEST

## वित्तपोषण और पर्यवेक्षण

DSIR
DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY Ministry of Science & Technology Government of India
Ministry of Electronics and Information Technology Government of India
Department of Science and Technology Ministry of Science and Technology Government of India
Ministry of Housing and Urban Affairs Government of India
बाइरैक birac
NIDHI by DST Entrepreneur-in-Residence Powered by Venture Center
GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH
START IN UP A Government of UP Initiative
icmr INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
iDEX Innovations for Defence Excellence
SIDAC
sidbi
MSME
MeitY Startup Hub
SBI

## ज्ञान

futureskills prime A MeitY - NASSCOM Digital Skilling Initiative
DWIH New Delhi Land of Ideas

## कृत्रिम बुद्धिमता संवर्ध

PELTARION

## उद्योग

FICCI
मानकः पथप्रदर्शकः
AIMED Encouraging Responsible Manufacturing Association of Indian Medical Device Industry

## अंतर्राष्ट्रीय

iit STARTUPS
Singapore Indian Chamber of Commerce & Industry
MEET VENTURES
TORONTO BUSINESS DEVELOPMENT CENTRE

## सेवा

aws
exotel
freshworks

## क्लीनिकल

आत्मना सर्वा जितः
AIG HOSPITALS
Ruby Hall Clinic
Narayana Health Health for all. All for health.

अंक - 03 | संस्करण - 03 | अप्रैल 2024

अप्रैल 2024

# टेककी बात

## एसआईआईसी(SIIC): जहां विचार उड़ान भरते हैं

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

**स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

www.siicincubator.com

सिडबी बिल्डिंग, सिक्स्थ एवेन्यू आईआईटी कानपुर
कल्याणपुर, कानपुर उत्तर प्रदेश 208016

इनोवेशन हब, आईआईटी कानपुर आउटरीच सेंटर, ब्लॉक सी, सेक्टर 62, नोएडा